Roll No. ....

9302

LL. B. 1st Year

Examination – October, 2017

PRAYOJAN MULAK HINDI EVAM HINDI SAHITYA

Paper : I

Time : Three Hours] *[Maximum Marks : 90*

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनको पूर्ण एवं सही प्रश्न-पत्र मिला है। परीक्षा के उपरान्त इस संबंध में कोई भी शिकायत नहीं सुनी जायेगी।

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।

1. (क) उपन्यास 'सारा आकाश' के आधार पर प्रभा की चरित्रगत विशेषताएँ लिखिए। 15

अथवा

(ख) उपन्यास 'सारा आकाश' के आधार पर शिरीष की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

https://www.mdupapers.com

2. किसी ***एक*** की सप्रसंग व्याख्या करें : 10

(क) संयुक्त परिवार का शाब्दिक आदर्श चाहे जितना महान हो, उसका सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि परिवार का कोई भी सदस्य अपने व्यक्तित्व का विकास नहीं कर पाता। सारा समय तो समस्याएँ बनाने में, या बनी-बनाई समस्याओं को सुलझाने में जाता है।

(ख) लेकिन रमा, कल्पनाएँ ही सच हो जाया करती तो फिर कहना ही क्या है ! हमारी हर हंसी पर भाग्य दाँत पीसता है। हम रोते हैं तो वह खिलखिलाता है। वह जानता है कि कठपुतलियों की तरह उछल-कूद हम चाहे जितना लें, डोरियाँ तो उन्हीं हाथों में हैं जो दयां-माया नहीं जानते।

3. किसी ***एक*** प्रश्न का उत्तर दीजिए : 15

(क) 'परदा' कहानी की मूल समस्या क्या है ? विस्तृत वर्णन करें।

अथवा

(ख) 'अमृतसर आ गया है।' कहानी की मूल संवेदना का विस्तार से वर्णन करें।

4. किसी ***एक*** की सप्रसंग व्याख्या करें : 10

(क) मुझे यह एक भारी दुर्घटना मालूम होती है। मालूम होता है कि अगर आशुतोष ने चोरी की है तो उसका इतना दोष नहीं है,

https://www.mdupapers.com

बल्कि यह हमारे ऊपर बड़ा भारी इलजाम है। बच्चे में चोरी की आदत भयावह हो सकती है। लेकिन बच्चे के लिए वैसी लाचारी उपस्थित हो आयी, यह और भी कहीं भयावह है।

अथवा

(ख) कोई खैरात दे देगा कंबल ? न जाने कितनी बाकी है, जो किसी तरह चुकने में ही नहीं आती ! मैं कहती हूँ, तुम क्यों नहीं खेती छोड़ देते ? मर-मर काम करो, उपज हो तो बाकी दे दो, चलो छुट्टी हुई। बाकी चुकाने के लिए ही तो हमारा जनम हुआ है। पेट के लिए मजूरी करो। ऐसी खेती से बाज आये।

5. किन्हीं *दो* का उत्तर दीजिए : 10 + 10

(क) प्रयोजनमूलक हिन्दी की आवश्यकता बताते हुए, इसकी विशेषताओं का वर्णन करें।

(ख) टिप्पण एवं मसौदा (Noting and Drafting) के बारे में विस्तृत जानकारी दीजिए।

(ग) जनसंचार के माध्यमों के प्रकार बताते हुए, इनकी विशेषताएँ बताइए।

(घ) सरकारी पत्र के प्रकारों की जानकारी दीजिए।

https://www.mdupapers.com

6. किसी ***एक*** विषय पर विस्तारपूर्वक लिखिए : 20

(क) स्त्री प्रश्न और कानून

(ख) भ्रष्टाचार

(ग) आतंकवाद

(घ) लोक अदालतों की प्रासंगिकता

(ङ) साहित्य और समाज

---

https://www.mdupapers.com